भारत सरकार
रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

सत्यमेव जयते

महत्वपूर्ण सूचना

आधार सत्यापन के संबंध में 2024 में जारी (होने वाली) केंद्रीयकृत रोजगार सूचना (सीईएन) के आवेदक/उम्मीदवार ध्यान दें

1 आवेदकों/उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) द्वारा जारी विभिन्न केंद्रीयकृत रोजगार सूचनाओं (सीईएन) के लिए आवेदन करते समय अपनी पहचान आधार सत्यापन के माध्यम से प्रमाणित करें. आधार सत्यापन मोड के माध्यम से आरआरबी आवेदन प्रस्तुत करने से आवेदकों के लिए परीक्षा केंद्रों में प्रवेश आसान हो जाएगा और परीक्षा के बाद की प्रक्रिया भी सरल हो जाएगी.

2 जिन आवेदकों/उम्मीदवारों ने 2024 के दौरान आरआरबी द्वारा जारी सीईएन के लिए अपने आवेदन पहले ही आधार के अलावा अन्य दस्तावेजों (जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, पैन, वोटर आईडी आदि) का उपयोग करके जमा कर दिए हैं, वे www.rrbapply.gov.in पर अपने उपयोगकर्ता क्रेडेंशियल के साथ लॉग इन करके आधार सत्यापन पूरा कर सकते हैं. यह आधार सत्यापन एक बार की प्रक्रिया है और यह सभी वर्तमान और भविष्य की नौकरी अधिसूचनाओं और आवेदनों के लिए स्वचालित रूप से मान्य होगी.

3 रेलवे भर्ती बोर्ड किसी तीसरी पार्टी के साथ आधार विवरण को न तो सहेजेंगे या न ही साझा करेंगे और न ही संबंधित सीईएन के उद्देश्यों के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए उनका उपयोग करेंगे.

4 उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया पर नवीनतम अपडेट के लिए केवल रेलवे भर्ती बोर्ड की वेबसाइटों पर ही देखें. कृपया अप्राधिकृत स्रोतों द्वारा गुमराह न हों.

दिनांक : 29-08-2024

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

महत्वपूर्ण नोट: उन दलालों से सावधान रहें जो उम्मीदवारों को अवैध रूप से नौकरी के लिए चयनित कराने के झूठे वादों से गुमराह कर सकते हैं.आरआरबी परीक्षा में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है और चयन पूरी तरह से उम्मीदवारों की योग्यता पर आधारित है.